बिहार जागे...

प्रभात खबर

मां शैलपुत्री ध्यान मंत्र

मुजफ्फरपुर, बुधवार
22.03.2023

नैक में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन

बदलते परिवेश के साथ शिक्षा में भी बदलाव जरूरी : कुलपति

प्रतिनिधि, समस्तीपुर

मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र छात्रों द्वारा नैक में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेंद्र प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज आर्ट्स एंड कॉमर्स प्रो. अशोक कुमार मेहता ने शिरकत की.

समारोह की अध्यक्षता मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के अध्यक्ष मो. अबू तमीम ने की. कुलपति ने कहा कि नैक की मान्यता के लिए पूरी मेहनत से काम करें, जिससे ए प्लस प्लस ग्रेड महाविद्यालय को मिल सके. कुलपति ने विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा ऊंचाई पर पहुंचना आसान होता है, लेकिन ऊंचाई पर बने रहना मुश्किल होता है, जो भी ग्रेड मिला है, उससे आगे मेहनत करने की जरूरत है. उसके लिए पूरे पांच साल मेहनत करने की आवश्यकता है. बदलते परिवेश के साथ शिक्षा में बदलाव भी जरूरी होता है. सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र छात्रों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गयी. इस अवसर पर मिथिला विश्वविद्यालय बीएड के विभागाध्यक्ष डॉ अरविंद मिलन, बीआरबी कॉलेज समस्तीपुर के प्राचार्य प्रो. बिरेंद्र कुमार चौधरी, महिला कॉलेज समस्तीपुर की प्राचार्य डॉ सुनीता सिन्हा, आरएनएआर कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र प्रसाद, ओरिएंटल कॉलेज ऑफ एजुकेशन दरभंगा के प्राचार्य डॉ जीएम अंसारी, मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अंजुम वारिस, बीबी फातिमा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव अंजुम असगर मौजूद थे.

कुलपति को मिथिला पेंटिंग भेंट करते लोग.